रोज़गार मेले का आयोजन

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में आज सम्भाग स्तरीय रोजगार मेला सम्पन्न हुआ। मेले का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना बया द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में पायरोटेक नाहर कलर्स, अनुष्का लॉ कॉलेज ,टेक्नो मोटर्स , राजेश मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, के.स.ऑटोमोबाइल , भारतीय जीवन बीमा निगम आदि निजी एवं सरकारी क्षेत्र की 15 कंपनियों ने विभिन्न पदों हेतु छात्राओं का चयन किया।

प्रभारी प्रो. अशोक सोनी ने बताया कि इस मेले हेतु महाविद्यालय एवं सम्भाग के राजकीय महाविद्यालययो की स्नातक तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्ध की 509 छात्रों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीकरण कराया था । जिसमें से 183 छात्राओं ने आज विभिन्न कंपनियों में साक्षात्कार दिया। इस अवसर पर महाविदयालय की वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अंजना गौतम, प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रो. अशोक सोनी तथा समिति सदस्य प्रो. बिंदु कटारिया , डॉ. शुभ्रा तिवारी, डॉ.ज्योति गौतम ,डॉ. श्रुति टंडन, डॉ. स्नेहा बबल, डॉ. साक्षी चौहान एवं संकाय सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया ।

Principal,
Government Meera Girls College,
Udaipur 313001
India